# कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर

दूरभाष 05642-220162 ईमेल dlsa13dholpur@gmail.com

दिनांक : 20.08.2019

कमांक : 89

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सफाई व्यवस्था हेतु मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों एवं निर्धारित योग्यता के अनुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | नाम पद/सेवाऐं | पदों की संख्या | राशि जो दी जाने वाली है |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था | (01) जॉब बेसिस पर | निविदा अनुवन्ध शर्तों के अधीन |

उक्त सेवाओं के लिए निविदा अनुबंध शर्तों के अधीन इच्छुक बोलीदाता/संवेदक अविलम्ब इस कार्यालय में सम्पर्क कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः इच्छुक संवेदक इस कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 28.08.2019 को दोपहर 1:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को समिति के समक्ष 28/08/19 को सांय 3:00 बजे खोला जावेगा।

20.08.19.
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
धौलपुर

दिनांक :– 20-08-2019

क्रमांक :– 3762-3765

1. प्रतिलिपि जिला कलेक्टर धौलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने बाबत्।
2. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी धौलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा पर चस्पा करने बाबत्।
4. जिला न्यायालय वेबसाईड पर अपलोड हेतु।

20.08.19.
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
धौलपुर

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर
## तकनीकी निविदा प्रपत्र

1. कार्य का नाम — ए.डी.आर. भवन धौलपुर में साफ सफाई

2. निविदा देने वाली फर्म का नाम व पूरा पता :–
स्थाई :– ..............................................................................................................

स्थानीय :–............................................................................................................

3. निविदा दर प्रपत्र जिसे प्रस्तुत करना है — जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर
4. निविदा दर आमन्त्रण सूचना का सन्दर्भ — जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर
5. निविदा की अनुमानित मूल्य
6. निविदा प्रपत्र शुल्क
7. निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय — दिनांक 28.08.2019 समय दोपहर 1:00 बजे
स्थान :– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर
8. निविदा खोलने की दिनांक समय व स्थान — दिनांक :–28.08.2019 समय दोपहर 3:00 बजे
स्थान :– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर
9. दर संविदा अवधि — 07 माह (सितम्बर 2019 से मार्च 2020 तक)

10. निविदादाता फर्म/संख्या यदि पंजीकृत है तो विवरण–
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र. सं. | विवरण | रजि.सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 | | | | |
| 4 | वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) | | | | |
| 5 | आयकर (पैन नंबर) | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं बाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |

11. गत वर्षों में साफ सफाई का अनुभव विवरण :–

| वर्ष | विभाग/कार्यालय का नाम | वार्षिक कार्य की राशि | प्रमाण पत्र संलग्न करें |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

# कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर

दूरभाष 05642–220162 ईमेल dlsa13dholpur@gmail.com

## जॉब बेसिस पर सफाई कार्य हेतु निविदा शर्तें

भाग (अ) निविदा की सामान्य शर्तें

1. कार्यालय में निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किये गये हों यही प्रपत्र निविदा में शामिल किया जावेगा।
2. निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. प्राप्त निविदाओं को यथा निर्धारित दिनांक व समय पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जावेगा।
4. निविदा में उल्लेखित शर्तों के अतिरिक्त अन्य कोई शर्त निविदादाता की स्वीकार नहीं होगी।
5. इस कार्यालय को किसी भी निविदा को (न्यूनतम दर वाली निविदा सहित) बिना किसी कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. सफाई व्यवस्था बाबत् कार्य योजना निविदादाता के पास उपलब्ध संसाधन व अनुभव आदि के सम्बन्ध में अपना प्रस्तुतिकरण करने के लिए भी निविदादाता को बुलाया जा सकता है।
7. निविदादाता को अनुबन्ध की वार्षिक राशि का 5 प्रतिशत धरोहर के रूप में कार्यालय के नाम बैंक ड्राफ्ट/नकद जमां कराना होगा। जमा धरोहर राशि पर कार्यालय द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा। अनुबन्ध अवधि तक सफाई कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण करने के पश्चात् धरोहर राशि लौटाई जा सकेगी।
8. सफल निविदादाताओं को 500/–रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निविदा शर्तों की पालना करने हेतु अनुबन्ध पत्र सम्पादित करना होगा।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर समस्त कानूनी कार्यवाही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायालय, धौलपुर में ही की जा सकेगी।
10. संवेदक अनुबंधित अवधि में सम्पूर्ण कार्य को या कार्य के किसी भी भाग को अन्य ऐजेन्सी को सबलेट (स्थानान्तरित) नहीं करेगा।
11. कार्यालय द्वारा समय–समय पर किये गये कार्य का निरीक्षण किया जावेगा कमियां पाई जाने पर संस्था का प्रतिनिधि अविलम्ब दूर करवायेगा।
12. निविदा स्वीकार्य/खारिज करने का अधिकार इस कार्यालय को सुरक्षित रहेगा।
13. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।
14. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम ,1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हुतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत की जायेगी।
15. संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिक को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। सम्बन्धित संवेदक द्वारा नियोजित श्रमिक के बैंक खाते में जमा कराई

23. यदि संवेदक एवं कार्य पर लगाये गये श्रमिक के मध्य कोई विवाद उत्पनन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी संवेदक की होगी। इसके लिए इस कार्यालय का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक ( नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।

24. नियोजित श्रमिक को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिक को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस, वेतन, छंटनी आदि का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।

25. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व संवेदक का होगा, इसके लिए इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

26. यदि संवेदक द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतन मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत इस कार्यालय को प्राप्त होती है तो कार्यालय श्रम विभाग में इसकी सूचना देगा और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में संवेदक को **debar** कराने की कार्यवाही करेगा।

भाग (ब) निविदा के अधीन सफाई योग्य क्षेत्र :–

निविदा के अधीन सफाई योग्य क्षेत्र में ए.डी.आर. सेन्टर के सभी शौचालय, इन्ट्रेंस लॉबी, बाथरूम एवं टॉयलेट पर लगी टाइलें, स्टॉफ रूम, चैम्बर, सभी लोक अदालत रूम, चैम्बर, सभी लोक अदालत रूम, सभाकक्ष, खिड़कियों के शीशे, छत–छज्जों, पानी की टंकियों तथा परिसर के खुले स्थान, सड़क, पार्किंग कचरा पात्र सफाई एवं परिसर के सभी कक्षों की नियमित सफाई शामिल होगी।

1. ए.डी.आर. भवन में दो लोक अदालत कक्ष एक मीटिंग हॉल एवं पीठासीन अधिकारी का चैम्बर, एक स्टॉफ रूम, एक स्टोर रूम एवं दो सदस्य कक्ष एवं सीढ़ियां हैं।
2. निविदादाता निविदा दरे प्रस्तुत करने से पूर्व ए.डी.आर. परिसर का स्वयं के स्तर पर कार्यालय समय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकता है।
3. सफाई कार्य हेतु समस्त उपकरण जैसे – पोंछा, टॉयलेट ब्रुश, वाईपर, दस्ताने, मास्क, कचरा ट्रोली, फावड़ा, सीढ़ी एवं अन्य सभी सफाई उपकरण निविदादाता को स्वयं के स्तर पर स्वयं के खर्चे पर सफाई कार्य हेतु कर्मचारियों को उपलब्ध कराने होंगे।
4. सफाई कार्य में प्रयुक्त सामान जैसे डिटरजेंट, फिनाईल, हारपिक, डेटोल, टॉयलेट सोप आदि की व्यवस्था निविदादाता द्वारा स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।
5. सफल निविदादाता द्वारा नियोजित कर्मचारी की पहचान हेतु कर्मचारी का नाम, पता, मोबाईल नं. एवं आधार कार्ड की फोटो प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।
6. विशेष अवसरों जैसे राष्ट्रीय पर्व, होली–दीपावली, विशिष्ट अतिथि के आगमन दिवस पर कार्यालय द्वारा दिये गये निदेशानुसार सफाई की पूरी व्यवस्था करनी होगी।

भाग (स) निविदा सफाई कार्य का विवरण :–

1. (1) कार्यालय परिसर में स्थित सभी कक्षों, गलियारा, रेम्प, सीढ़ियों, टॉयलेट एवं गेट के बाहर सड़क आदि की झाडू से सफाई करना।

(2) फर्श/टाइल्स की झाडू से सफाई एवं गीले कपडे से पोंछा लगाना।

(3) समस्त टॉयलेट के फर्श, वाश बेसिन आदि की डिटरजेन्ट से धुलाई एवं फिनाईल डालकर पौंछा लगाना।

(4) समस्त कचरे का एक जगह इकट्ठा कर जलाना।

2. सप्ताह में एक बार किये जाने वाले कार्य :–

(1) सीढ़ियों, दीवारों व छतों की सफाई व जाले हटाने का कार्य
(2) खिड़कियों दरवाजों की सफाई।

3. माह में एक बार किये जाने वाले कार्य :–

(1) ए.डी.आर. भवन की ऊपर की छत की सफाई
(2) पानी की सभी टंकियों की सफाई
(3) अन्य निर्देशित सफाई सम्बन्धित सभी कार्य।

भाग (द) निविदा की अन्य महत्वपूर्ण शर्ते :–

1. निविदादाता द्वारा सफाई कार्य हेतु नियोजित कार्मिक के आचरण की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

2. आपराधिक चरित्र/न्यायालय द्वारा अपराध सिद्ध दोषी/सजायापता कार्मिकों को कार्य पर नियोजित नहीं किया जावेगा।

3. इस कार्यालय की सम्पत्ति की चोरी या तोड़फोड़ से नुकसान पहुंचाने पर उसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी एवं नुकसान की भरपाई निविदादाता से की जावेगी।

4. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना/मृत्यु होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी (क्षतिपूर्ति/मुआवजा आदि देने की) निविदादाता की होगी। इस कार्यालय की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं होगी।

5. अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करने एवं कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।

6. सफाईकर्मी हेतु 18 वर्ष से अधिक आयु के कार्मिक को ही लगाना होगा। कार्य के दौरान कोई भी सफाई कर्मचारी नशे में नहीं रहेगा।

भाग (य) भुगतान का तरीका तथा भुगतान का रोका जाना :–

1. सफाई कार्य हेतु निविदादाता को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

2. भुगतान मासिक तौर पर या महीना समाप्ति के उपरान्त किया जावेगा।

3. निविदादाता द्वारा मासिक बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा।

4. वसूलियां यदि कोई हो तो उन्हें बिल की राशि में समायोजित किया जावेगा।

5. भुगतान हेतु प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार आयकर कटौती की जावेगी।

6. सेवाकर/ई.एस.आई. की राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा ही जमा कराया जायेगा। क्योंकि प्रस्तुत दर समस्त करों सहित हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर
पता
मोबाईल नं.

# शपथ –पत्र

मैं/हम कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर द्वारा जारी की गई सफाई निविदा की सभी वर्णित शर्तों को स्वीकार करता हूँ/करते हैं तथा निविदा शर्तों के सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों के सभी बिन्दुओं को स्वीकार करते हुए प्रमाण स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करता हूँ/करते हैं।

यदि हमारी निविदा को स्वीकार कर कार्यादेश दिया जाता है तो हम कार्यादेश जारी करने से पूर्व .... ............धरोहर राशि जमा कराने के लिए तैयार हूँ तथा आदेश में उल्लेखित दिनांक से सफाई व्यवस्था शुरू कर दी जावेगी

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील
दिनांक :–
मोबाईल नं.

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

1. कार्य का नाम — ए.डी.आर. भवन धौलपुर में साफ सफाई

2. निविदा देने वाली फर्म का नाम व पूरा पता :– ................................................................................................
..........................................................................................................................................................

| क्र. सं. | सेवा का नाम | श्रमिकों को देय पारिश्रमिक जो कि प्रचलित न्यूनतम मजदूरी की दर से कम नहीं होगी। मय संख्या | | | | EPF दर प्रतिशत | ESI दर प्रतिशत | सामग्री राशि/ उपकरण किराया | सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | श्रमिक की श्रेणी | | श्रमिकों की संख्या | राशि | 12 प्रतिशत कर्मचारी 12 प्रतिशत | 4.75 प्रतिशत कर्मचारी 1.75 प्रतिशत | | | |
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | 1 अकुशल<br>2 अर्द्धकुशल<br>3 कुशल<br>4उच्च कुशल | | 01 | 5538/– | 665/– | 263/– | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

दिनांक :–

मोबाईल नं.